# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 29 जुलाई 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में निक्षय पोषण किट वितरण अभियान 2025 का आयोजन कब किया जा रहा है?**

**(A) 27-31 जुलाई 2025**
**(B) 22-28 जुलाई 2025**
**(C) 21-30 जुलाई 2025**
**(D) इनमें से कोई नही**

*♦ राजस्थान में निक्षय पोषण किट वितरण अभियान का आयोजन – 27 जुलाई से 31 जुलाई 2025*

*♦ संचालन – चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान*

*♦ इस अभियान के तहत TB रोगियों को जन सहयोग पौष्टिक आहार युक्त पोषण किट वितरित किए जाएंगे।*

*♦ निक्षय मित्र पोर्टल :- टीबी रोगियों के ऑनलाइन पंजीयन हेतु संचालित पोर्टल।*

01. हाल ही में राजस्थान में राज्यस्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में 6 प्रमुख संकेतकों की पूर्ण संतृप्ति वाले किस जिले को स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र मिला?

(A) जोधपुर

(B) करौली

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में 28 जुलाई को राज्यस्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह HCM रीपा, जयपुर में आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 जिलों और 23 ब्लॉकों के अधिकारियों को सम्मानित किया गया

♦संपूर्णता अभियान 1 जुलाई 2024 से 30 सितंबर 2024 तक चलाया गया था, यह अभियान नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में 6 प्रमुख संकेतकों में संतृप्ति प्राप्त करना था.

♦समारोह में 6 प्रमुख संकेतकों की पूर्ण संतृप्ति वाले जिले करौली को स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र मिला।♦4 प्रमुख संकेतकों की पूर्ण संतृप्ति वाले 4 जिलों बारां, धौलपुर, जैसलमेर और सिरोही को कांस्य पदक व प्रशस्ति पत्र मिला।

♦आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत 6 प्रमुख संकेतकों की पूर्ण संतृप्ति वाले 3 ब्लॉकों जायल (नागौर), रानी (पाली) और खैरवाड़ा (उदयपुर ) को स्वर्ण पदक व प्रशस्ति पत्र मिला

02. राजस्थान के किस जिले में अमृता देवी इंडिजिनस प्लांट म्यूजियम बनाया जाएगा?

(A) पाली

(B) जयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान सरकार द्वारा वृक्ष संरक्षण की परंपरा को सहेजने के लिए, जोधपुर के खेजड़ली में अमृता देवी इंडिजिनस प्लांट म्यूजियम बनाया जाएगा

♦राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा इसकी घोषणा की गई

♦राजस्थान में जोधपुर के खेजड़ली में पर्यावरण प्रेमी अमृता देवी ने अपनी तीनों बेटियों समेत 363 लोगों के साथ, वृक्षों को बचाने के लिए, अपने प्राणों की आहूति दे दी थी।

♦यह घटना 1730 में हुई थी, जब महाराजा अभय सिंह के आदेश पर खेजड़ी के पेड़ों को काटा जा रहा था.

**03. हाल ही में राजस्थान में अजमेर मंडल के किस रेलवे स्टेशन को "ईट राईट सर्टिफिकेट" मिला है?**

(a) उदयपुर रेलवे स्टेशन

(b) अजमेर रेलवे स्टेशन

(c) उपरोक्त दोनों

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान में अजमेर मंडल के दो प्रमुख स्टेशन – अजमेर व उदयपुर सिटी को Eat Right Certificate प्राप्त हुआ।

♦Eat Right Certificate भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और FSSAI द्वारा जारी किया जाता है।

♦ यह प्रमाणपत्र खाद्य गुणवत्ता, साफ-सफाई और स्वास्थ्य मानकों की कड़ी जांच के बाद दिया जाता है।

♦प्रमाणपत्र की वैधता – दो वर्ष तक मान्य रहेगा।

04. हाल ही में 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर फॉरेस्ट स्टैक ओपन इनोवेशन चैलेंज- 2025 पुरस्कार किसे मिला?

(A) वेदांता प्राइवेट लिमिटेड

(B) वेलियंस एनालिटिक प्राइवेट लिमिटेड

(C) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ फॉरेस्ट स्टैक ओपन इनोवेशन चैलेंज- 2025 पुरस्कार

♦राजस्थान में हरियाली तीज के अवसर पर 27 जुलाई 2025 को यह पुरस्कार 76वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा वेलियंस एनालिटिक प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया।

♦ पुरस्कार राशि- 10 लाख रुपए

♦ फॉरेस्ट स्टेट ओपन इन्नोवेशन चैलेंज राजस्थान वन विभाग (RFD) और iSTART द्वारा JICA और BCG के सहयोग से एक पहल है।

♦ इसका उद्देश्य – वानिकी और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना।

05. राजस्थान में किसे डॉ. कलाम यूथ लीडरशिप अवॉर्ड 2025 से नवाजा गया है?

(a) डॉ. नरेन्द्र भूषण सिंह

(b) दीया कुमारी

(c) रवींद्र सिंह भाटी

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➡ पर्यावरण कार्यकर्ता, गो-सेवक, महिला सशक्तीकरण व समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य के लिए पर्यावरणविद डॉ. नरेन्द्र भूषण सिंह को अंतरराष्ट्रीय डॉ. कलाम लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-2025 दिया गया।

♦राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर के ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में ख्वाब फाउंडेशन ने यह अवॉर्ड प्रदान किया।

♦निस्वार्थ सेवा भावना की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उन्हें चुना गया।

**06. राजस्थान में राज्य स्तरीय वन महोत्सव 2025, जयपुर में किसे अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार 2025 प्रदान किया गया?**

(a) डॉ. गौरीशंकर शर्मा

(b) गोविंद भारद्वाज

(c) उपरोक्त दोनों

(d) इनमें से कोई नही





**Important Facts:**

♦वन्यजीव संरक्षण व निशुल्क इलाज के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. गौरीशंकर शर्मा और गोविंद भारद्वाज को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

♦27 जुलाई, 2025 - 76 वां राज्यस्तरीय वन महोत्सव, जयपुर

♦डॉ. गौरीशंकर शर्मा पिछले दो दशकों से वन्यजीवों की सेवा कर रहे हैं। वो अब तक 180 नीलगाय के बच्चों का पालन पोषण कर चुके हैं।

♦जबकि पशुपालन विभाग में एलएसए के पद पर कार्यरत गोविंद भारद्वाज ने अब तक 3 हजार मोर, 3,267 नीलगाय, 300 बंदर, 800 से ज्यादा छोटे परिंदों समेत हजारों पशु-पक्षियों की जान बचाई है।

07. हाल ही में राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) और राजस्थान सैनिक कल्याण कार्यालय के समन्वय में विधिक सेवा क्लीनिक का शुभारंभ कहां किया गया?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ नालसा वीर परिवार सहायता योजना – 2025 के तहत राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) और राजस्थान सैनिक कल्याण कार्यालय के समन्वय में विधिक सेवा क्लीनिक का शुभारंभ किया गया।

♦ जयपुर कलेक्ट्रेट में इस विधिक सेवा क्लीनिक का शुभारंभ किया गया।

♦ इस विधिक सेवा क्लीनिक से राजस्थान के रक्षा कर्मियों और उनके परिवार जनों को निशुल्क विधिक सेवाएं मिलेगी।

♦ नालसा वीर परिवार सहायता योजना • शुरुआत – 26 जुलाई, 2025 • शुभारंभ – नालसा के अध्यक्ष एवं सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत द्वारा।

♦योजना के तहत रक्षा कर्मियों और उनके परिवार जनों को निशुल्क एवं सक्षम कानूनी सेवाएं दी जाएगी।

08. राजस्थान का पहला स्नेक पार्क कहां बनकर तैयार हुआ है?

(a) जयपुर

(b) उदयपुर

(c) कोटा

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ कोटा में राजस्थान का पहला स्नेक पार्क बनकर तैयार हो गया है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) ने भी यहाँ विभिन्न प्रजातियों के सांपों को रखने की स्वीकृति दे दी है।

♦स्नेक पार्क में 29 प्रकार के भारतीय, अमेरिकी, ऑस्ट्रेलियाई और कई अन्य प्रजातियों के सांप रखे जाएँगे।

♦पर्यटक यहाँ सांपों की दुनिया को करीब से देख सकेंगे।

♦2021 में सर्प पार्क के निर्माण को मंज़ूरी मिली।

♦राज्य सरकार ने इसके लिए 10 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया। भवन बनकर तैयार है।

**09. हाल ही में संसद TV के नए CEO कौन होंगे?**

(A) उत्पल कुमार सिंह

(B) ओम बिड़ला

(C) मनीष शर्मा

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह संसद TV के नए CEO बनने वाले हैं।

♦उत्पल कुमार सिंह 65 वर्ष के हैं और बिहार के मूल निवासी हैं।

♦संसद TV का गठन लोकसभा TV और राज्यसभा TV को मिलाकर किया गया था।

♦संसद TV संसदीय कार्यवाही के सीधे प्रसारण और पारदर्शिता एवं जन जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

10. हाल ही में किसके द्वारा "ग्लोबल स्पेक्स 2030" वैश्विक पहल शुरू की गई है?

(A) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(B) संयुक्त राष्ट्र संघ

(C) यूनेस्को

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक वैश्विक पहल शुरू की है – 'ग्लोबल स्पेक्स 2030'

♦ विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 'ग्लोबल SPECS 2030' नामक एक वैश्विक पहल शुरू की है।

♦ लक्ष्य: 2030 तक सभी के लिए किफायती नेत्र देखभाल सेवाएँ सुनिश्चित करना।

♦ यह समन्वित वकालत और एकजुट कार्रवाई के माध्यम से काम करने वाले हितधारकों का एक नेटवर्क है।

♦ यह पहल अपवर्तक त्रुटि (जैसे निकट दृष्टि, दूर दृष्टि) पर केंद्रित WHO के सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्यों का समर्थन करती है।

Today, Quiz:

Q. जयपुर में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (GTCC) का सह-अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

(A) नवीन महाजन

(B) राजेंद्र शर्मा

(C) तेजस्वी सिंह गहलोत

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course

GK Search Engine Mobile App

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine